## महत्वपूर्ण एवं खास

### व्यापमं की पीवीपीटी परीक्षा सम्पन्न




**रायपुर(आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा पीएटी, पीवीपीटी की परीक्षा का आयोजन किया गया था। माधवराव सप्रे स्कूल में उक्त परीक्षा सुबह 10 से 1.15 के मध्य सम्पन्न हुई। उक्त परीक्षा का आयोजन मंडल सूत्रों के अनुसार प्रदेश के 27 जिलों में किया गया। उक्त परीक्षा में 55 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें 12 हजार अभ्यर्थियों ने प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं किया। जबकि मंडल के परीक्षा नियंत्रक ने जानकारी देते हुए बताया कि मंडल की वेबसाइट 22 मई से ही प्रवेश पत्र डाउनलोड कर दिए गए थे। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए उक्त तिथि में वृद्धि करते हुए 28 मई तक समय दिया गया था। उक्त परीक्षा में अनेकों विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने भविष्य को पूर्ण मेहनत के साथ अपने भविष्य को संवारने हेतु परीक्षा दी।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जगदलपुर एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत

**जगदलपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आज जगदलपुर एयरपोर्ट में राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, बस्तर सांसद दीपक बैज, बस्तर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन, कोण्डागांव विधायक मोहन मरकाम, नारायणपुर विधायक चंदन कश्यप, बीजापुर विधायक विक्रम शाह मंडावी, अंतागढ़ विधायक अनुप नाग, भानुप्रतापपुर विधायक मनोज मंड़ावी, कांकेर विधायक शिशुपाल शोरी, जगदलपुर के महापौर जतीन जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और विशिष्टजनों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री बघेल के साथ आबकारी मंत्री कवासी लखमा एवं आदिम जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम जगदलपुर पहुंचे। इस अवसर पर बस्तर कमिश्नर अमृत कुमार खलखो, आईजी विवेकानंद सिन्हा, कलेक्टर डॉ. अय्याज तम्बोली एवं पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण उपस्थित थे।

### तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही कार को मारी टक्कर,क्षतिग्रस्त

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही कार को ठोकर मार दिया जिसके चलते कार क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा रायपुर निवासी सन्नी चौथवानी 21 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वीआईपी चौक मोड के पास तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 04 एलएन 8900 को ठोकर मार दिया जिसके चलते कार क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### पत्नी के चरित्र पर संदेह कर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** पत्नी के चरित्र पर संदेह कर मारपीट किये जाने की रिपोर्ट राजेन्द्रनगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बीएसयूपी कालोनी अमलीडीह न्यू राजेन्द्रनगर रायपुर निवासी गौरी गौरा चौक के पास ग्राम बिलाडी नेवरा रायपुर सीमा उईके 42वर्ष पति गोविन्द उईके ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि पति गोविन्द उईके 48 वर्ष पिता राम बनवास उईके ने प्रार्थिया के चरित्र पर संहेह कर गाली-गलोज करते हुये जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### आपसी रंजिश में दो पक्ष भिड़े ,मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** दो पक्षों में आपसी रंजिश के चलते मारपीट किये जाने की रिपोर्ट अभनपुर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चन्डी अभनपुर निवासी रुकमणी बंजारे 45 वर्ष पति घनश्याम बंजारे ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि बुधेश नरंगे व अन्य 2 ने शराब के नशे में गाली-गलोज कर रहे थे मना करने पर प्रार्थिया को जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का से मारकर चोट पहुंचाई। इसी तरह अभनपुर ग्राम चंडी निवासी शिवबाई नवरंगे 43 वर्ष पति बुधेश नवरंगे रिपोर्ट दर्ज करायी है कि रुकमणी बंजारे ,घनश्याम बंजारे ने पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलोज करते हुये जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर चोट पहुंचाया। दोनों मामलों में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

# प्रसव पीड़ा से कराहती महिला को नहीं मिला महतारी का सहारा, सुबह ट्रैक्टर में लाद कर लाए परिजन

**कोरबा (आरएनएस)।** स्टाफ और संसाधन की कमी से जूझ रहे स्वास्थ्य अमले की वजह से मरीजों को खासकर दूरस्थ अंचल के लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अपातकालीन और 24 घंटे सुविधा देने वाली महतारी एक्सप्रेस के कर्मियों की लापरवाही और गांव आने से मना करने के बाद एक गर्भवती महिला को ट्रैक्टर में लादकर अस्पताल पहुंचाने की नौबत आई।



जानकारी के अनुसार यह मामला पोड़ी-उपरोड़ा विकासखड के वनांचल ग्राम बखही का है। यहाँ गर्भवती महिला राजकुंवर पति राजकुमार 22 वर्ष को प्रसव पीड़ा उठने पर परिजनों ने 102 नंबर डॉयल कर महतारी एक्सप्रेस को फोन लगाया। उन्होंने इसकी जानकारी पाली स्वास्थ्य विभाग को दी जिस पर उन्होंने कटघोरा के महतारी एक्सप्रेस से संपर्क साधने की बात कही। इसके पीछे वजह बताई गयी कि प्रसूता को कटघोरा के अस्पताल में दाखिल कराना उचित रहेगा। उसके बाद परिजन ने कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सम्बद्ध महतारी एक्सप्रेस के चालक से बात की लेकिन उसने रात में गांव आने से साफ मना कर दिया. परिजनों के मुताबिक चालक वाहन ठीक नहीं होने का हवाला देता रहा और परिजनों ने जब वस्तुस्थिति बताई तो वह गाँव की सड़क खराब होने का बहाना बनाने लगा। इन सबके बीच पूरी रात दर्द से कराहती प्रसूता को परिजन घर पर ही रखने पर मजबूर हुए। सुबह फिर उन्होंने महतारी एक्सप्रेस के चालक से गाँव आने की गुजारिश की लेकिन इस बार भी चालक टालमटोल करने लगा। आखिर थक हारकर वह गांव से छह से सात किलोमीटर पहले आने पर राजी हुआ।

परिजनों ने इसके बाद तत्काल एक ट्रेक्टर का इंतज़ाम किया और राज कुंवर को उसमें सवार कर पहाड़ और घाटी से नीचे उतरकर सड़क पर पहुंचे, जहां महतारी एक्सप्रेस उनका इंतज़ार रही थी। किसी तरह पीड़िता को कटघोरा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार जारी है। पीड़िता के परिजनों ने महतारी एक्सप्रेस स्टाफ की इस कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर की।

# छग से सरगुजा सांसद रेणुका सिंह को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में मिलेगी जगह



**रायपुर।** सरगुजा से सांसद रेणुका सिंह मोदी मंत्रिमंडल में शामिल होंगी। रेणुका सिंह को पीएमओ से फोन आ गया है। इधर बीजेपी नेताओं ने भी रेणुका सिंह को बधाई दी है। भाजपा प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव व श्रीचंद सुंदरानी ने रेणुका सिंह को गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी है। पहले ही इस बात की अटकलें थी कि छत्तीसगढ़ से एक मंत्री बनाया जा सकता है। हालांकि अटकलों में सरोज पांडेय का नाम चल रहा था, लेकिन अब जो खबर आ रही है, उसके मुताबिक राज्यसभा की सांसद सरोज पांडेय को नहीं, बल्कि सरगुजा से सांसद रेणुका सिंह को मोदी मंत्रिमंडल में जगह दी गयी है। मोदी कैबिनेट में महिला और आदिवासी दोनों मापदंडों पर रेणुका सटीक बैठी है, लिहाजा उन्हें कैबिनेट में जगह मिली है। आज शाम चार बजे रेणुका सिंह को मोदी ने चाय पर बुलाया है। वहां शपथ लेने वाले अन्य मंत्रियों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नये मंत्रियों के साथ अपनी बातों को साझा करेंगे।

रेणुका सिंह ने पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा है, लेकिन इससे पहले वो कई बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुकी है, और सरकार में अहम जिम्मेदारी भी संभाल चुकी है।

## वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल



**कांकेर (आरएनएस)।** पूर्व मंत्री शिवनेताम की पुत्री कृतिका नेताम के विवाह कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांकेर में शामिल हुए। उनके साथ आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास एवं शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम और वाणिज्यकर (आबकारी) मंत्री कवासी लखमा भी थे। विवाह कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम और वाणिज्यमंत्री कवासी लखमा, पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री अरविंद नेताम तथा शिव नेताम एवं उनके परिवार के सदस्यों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी, पूर्व सांसद सोहन पोटाई, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर, बिरेश ठाकुर, उदय नेताम, गोंड़वाना समाज समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष सुमेर सिंह नाग सहित गेंद सिंह नेताम, आर.आर मरकाम, प्यार सिंह मण्डावी, साधु नेताम, रविन्द्र ध्रुव, धनीराम उसेण्डी, बिरझू राम कवाची, शरद ठाकुर, दोशीराम शोरी एवं डॉ कमल कांत शोरी इत्यादि सामाजिक पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# चार गोदामों का तेंदूपत्ता जला डाला नक्सलियों ने

**जगदलपुर (आरएनएस)।** सुकमा जिले के पोलमपल्ली थाना क्षेत्र के अरलमपल्ली गांव में 150 बोरा तेंदूपत्ता चार अलग-अलग जगहों पर वन विभाग द्वारा खरीद कर रखा गया था, जिसे बीती रात नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया। वहीं इसी दिन अरलमपल्ली गांव के ही नयापारा गांव में भी नक्सलियों ने 38 बोरा तेंदूपत्ता जला दिया है, जबकि मेड़वाही में भी इसी दिन नक्सलियों ने कई बोरे तेंदूपत्ते को आग के हवाले कर दिया है।



ग्रामीण सूत्रों का कहना है कि नक्सलियों द्वारा तेंदूपत्ते की सरकारी खरीदी का विरोध किया जा रहा है जबकि नक्सलियों द्वारा विरोध करने को लेकर किसी तरह का पर्चा नही डाला गया है वही नक्सलियों ने बोड्डीगुड़ा गांव मे आगजनी को अंजाम दिया है यहां भी विभाग द्वारा खरीदे गए तेंदूपत्ते को जला दिया गया है। हांलाकि यहां कितने बोरे तेंदूपत्ते को जलाया गया है इसकी जानकारी नही आ पाई हालांकि विभागीय अधिकारियो ने बोड्डीगुड़ा मे आगजनी की बात की पुष्टि कर दी है वही नक्सलियों द्वारा जिस तरीके से तेंदूपत्ते को आग के हवाले किया जा रहा है। इससे विभाग भी चिंतित है और जल्द से जल्द गांवों से तेंदूपत्ते का उठाव कराने की विभागीय अधिकारी कोशिश करते देखे जा रहे है।

नक्सलियों द्वारा जिस तरीके से बीते दो दिनो मे तेंदुपत्तों पर आग लगाई जा रही है इससे नक्सलियों द्वारा तेंदूपत्ते की सरकारी खरीदी का विरोध करने की आशंका जताई जा रही है ऐसे मे तेंदूपत्ते का उठाव जल्द से जल्द कराने डीएफओ खुद पोलमपल्ली पहुंच गए जहां घंटों बैठ गाड़ियों की व्यवस्था कराते हूए पोलमपल्ली मे रखे तेंदूपत्ते को कोंटा भेजने की कोशिश करते रहे, डीएफओ की मौजूदगी मे सैकड़ों बोरे तेंदूपत्ते कोंटा भेज दिए गए हैं।

## ग्राम पंचायत मलनी व धुरकोट सचिव निलंबित

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** जैजैपुर विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मलनी की सचिव श्रीमती अहिल्या बाई सिदार एवं जनपद पंचायत डभरा ग्राम पंचायत धुरकोट के सचिव तोरन सिंह सिदार को कर्तव्यों के प्रति उदासीनता, गंभीर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं गंभीर वित्तीय अनियमितता के चलते मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजीत वसंत ने निलंबित किया है। निलंबन अवधि के दौरान मलनी सचिव श्रीमती सिदार का मुख्यालय जनपद पंचायत जैजैपुर एवं धुरकोट सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत डभरा रहेगा। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।




मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैजैपुर के द्वारा दिए गए प्रतिवेदन के अनुसार सरपंच एवं सचिव ग्राम पंचायत मलनी के द्वारा बिना प्रस्ताव पारित किये मूलभूत योजना से राशि 80 हजार आहरण किए जाने, बाजार चैक में छतदार चबूतरा निर्माण कार्य राशि 50 हजार अग्रिम आहरण कर आज पर्यंत तक कार्यस्थल पर निर्माण कार्य नहीं करने एवं स्वच्छ भारत अभियान मिशन के तहत 14 वें वित्त योजना से 13 लाख 10 हजार एवं एसबीएम (ग्रामीण)योजना से राशि 20 लाख 20 हजार कुल 33 लाख 30 हजार रूपए की राशि आहरण करने के उपरांत भी ऐसे हितग्राही जिन्होंने स्वयं के व्यय से शौचालय का निर्माण किया था, उन 81 शौचालय के हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि 9 लाख 72 हजार का भुगतान आज तक नहीं किया गया।

सचिव से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन उनके द्वारा जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उन्हें पदीय कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है, जो छग पंचायत (आचरण) नियम 1998 के विपरीत है, इसके चलते सचिव को निलंबित किया गया।

## एक लाख का ईनामी नक्सली गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की दंतेवाड़ा पुलिस ने फरसपाल थाना क्षेत्र से एक लाख रुपए के इनामी नक्सली को गिरफ्तार किया है। एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर फरसपाल थानेदार की अगुवाई में ग्राम मासोड़ी के कच्चेघाटी रोड से एक नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से नक्सली बैनर-पोस्टर व अन्य नक्सली सामग्री बरामद की गई है। उसकी पहचान दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संगठन (डीएकेएमएस) अध्यक्ष कोपाराम कड़ती उर्फ वीरसिंह के रूप में की गई है। वह बीजापुर के बांगापाल मुंडेर गांव का निवासी है। उसने बताया कि वह मिरतुर एलओएस कमांडर नवीन उर्फ कमलू के लिए मुंडेर इलाके में काम करता रहा। नवीन 23 अप्रैल को मुठभेड़ में मारा गया है।

## नंदनी-अहिवारा में अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से मची सनसनी

### » हत्या की आशंका, जाच में जुटी पुलिस

**भिलाई (आरएनएस)।** शहर से सटे नंदिनी अहिवारा क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति की बोरे में भरी लाश मिलने से हडकंप मच गया है। सूचना मिलते ही मौके पर नंदनी पुलिस व एएसपी ग्रामीण पहुंचे और जांच शुरू की। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है वहीं आसपास पूछताछ की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार नंदिनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेमरिया के समीप मेन रोड के बगल में मिली व्यक्ति की लाश 112 की टीम मौके पर पहुंचकर नंदिनी थाना को दी जानकारी नंदिनी थाना प्रभारी चेतन साहू टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं सूचना पाकर एडिशनल एसपी ग्रामीण लखन पाटले भी घटना स्थल पर पहुंचे। इसके बाद दुर्ग से डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम पहुंची और बॉडी को बोरी से बाहर लाया गया आसपास के ग्रामीणों से शव को दिखा कर पूछताछ की लेकिन किसी ने इसकी शिनाख्त नहीं की। पुलिस के मुताबिक शव देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि व्यक्ति को धारधार हथियार से वार किया गया जिससे व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। गई होगी और हत्या करने वाले व्यक्ति उस बॉडी को बड़े बोरी में भरकर किसी वाहन में रखकर रास्ते मे फेंक्र दिया गया।

## प्रॉस्टिट्यूट का बोल्ड किरदार निभाएंगी पायल राजपूत

साउथ एक्ट्रेस पायल राजपूत फिल्म आएएक्स 100 के बाद रातों रात सुपरस्टार बन गई. इस फिल्म में पायल ने कार्तिक के साथ एक से बढ़कर एक बोल्ड और इंटीमेट सीन दिए थे जिसकी काफी चर्चा रही. इस फिल्म के बाद तो जैसे पायल राजपूत के पास बड़े ऑफर्स की बाढ़ सी आ गई.अब एक बार फिर से अपने प्रोफेशनल वर्कफ्रंट में पायल ने काफी बोल्ड किरदार निभाने के फैसला लिया है.

बताया जा रहा है कि पायल ने एक और फिल्म साइन की है. ये फिल्म टाइगर राव नागेश्वर की बायोपिक है जिसमें बैलामकोंडा साई श्रीनिवास लीड रोल निभाते दिखाई देने वाले हैं. रिपोर्ट्स की माने तो पायल इस फिल्म में प्रॉस्टिट्यूट की चैलेंजिंग भूमिका निभाती दिखाई दे सकती हैं. हालांकि अभी तक पायल की ओर से इस खबर को कंफर्म नहीं किया गया है.

पायल आखिरी बार फिल्म सीता में आइटम सॉन्ग पर जबरदस्त धमाल मचाती दिखाई दी थीं. इस फिल्म में बैलामकोंडा साई



श्रीनिवास और काजल अग्रवाल लीड रोल में थे. पायल के आइटम सॉन्ग के सभी को उनके बोल्ड अंदाज का फिल्मों में काफी बेसब्री से इंतजार है. ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि पायल जल्द ही अपनी आने वाले प्रोजेक्ट को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर सकती हैं.

## लगभग 10 सालों बाद अक्षय कुमार के साथ काम करने पर बोलीं कटरीना कैफ



बॉलिवुड की हिट जोड़ियों में अक्षय कुमार और कटरीना कैफ की जोड़ी भी शामिल है। इस जोड़ी ने कई सुपरहिट फिल्में दी हैं और इनकी केमिस्ट्री को पर्दे पर काफी पसंद किया गया है। अक्षय और कटरीना हमको दीवाना कर गए, नमस्ते लंदन, वेलकम, दे दना दन और वेलकम जैसी सुपरहिट फिल्मों में दिखाई दी है।

अब लगभग 10 साल बाद यह जोड़ी एक बार फिर रोहित शेट्टी की आने वाली फिल्म सूर्यवंशी में काम करने जा रही है। हाल में एक इंटरव्यू में अक्षय के साथ इतने दिनों बाद काम करने के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि शुरू में ऐसा कहा जा रहा था कि शायद अक्षय और कटरीना के बीच कुछ अनबन है।

कटरीना ने बताया कि इतने सालों बाद उन्होंने अक्षय के साथ एक ऐक्शन सीन किया था और यह बहुत अच्छा था। कटरीना का कहना है कि साथ में काम करने को लेकर वह और अक्षय पहले की तरह बिल्कुल कंफर्टेबल हैं। कटरीना ने यह भी कहा कि अक्षय बहुत अच्छे को-स्टार हैं और उनके साथ काम करने में सेट पर काफी मजा आता है।

## सेफ्टी के लिहाज से महिलाओं के पर्स में जरूर होनी चाहिए ये चीजें

आजकल की महिलाएं न सिर्फ घर संभालती हैं बल्कि ऐक्टिव सोशल लाइफ जीने के साथ ही वर्कफ्रंट के कारण भी काफी ज्यादा ट्रैवल करती हैं। ऐसे में कई बार उन्हें ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ जाता है जहां बात उनकी सुरक्षा पर आ जाती है। हम बता रहे हैं ऐसे काम के टूल्स जिन्हें महिलाओं को सुरक्षा के लिहाज से अपने पर्स में जरूर कैरी करना चाहिए।

**पेपर स्प्रे**

यह स्प्रे अगर किसी की आंखों पर यूज किया जाए तो उसे कुछ समय के लिए दिखना बंद हो जाता है, ऐसा पेपर की क्वालिटी और उससे होने वाली जलन के कारण होता है। पेपर स्प्रे के कारण आंखें खोलना मुश्किला होता है जिससे बचने का मौका मिल जाता है।

**स्टन गन**

यह एक इलेक्ट्रिक गन होती है जिसमें बटन को प्रेस करने या ट्रिगर को पुल करने पर सामने की ओर से दो तार सामने वाले शख्स को लगते हैं। इन तारों में हाई वोल्टेज इलेक्ट्रिसिटी होती है। इसके झटके से हमलावर गिर जाएगा और उसे संभलने में ही काफी समय लग जाएगा।

**पेपर जेल**

पेपर स्प्रे की तरह ही पेपर जेल



भी काम करता है। बस इसकी एक बड़ी खासियत यह है कि इसे थोड़ी ज्यादा दूर से स्प्रे करने भी असर काफी होता है।

**छोटा चाकू**

अपने साथ हमेशा छोटा चाकू कैरी करें। यदि आप मेट्रो से ट्रैवल करती हैं तो भी चिंता की जरूरत नहीं क्योंकि इसे कैरी करने की इजाजत वहां भी है।